राज्यपाल सचिवालय
राजभवन , जयपुर

राज्यपाल से राजस्व मंत्री की मुलाकात

जयपुर, 5 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से राजस्व मंत्री श्री रामलाल जाट ने बुधवार को यहां राजभवन में मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी ।

——

राज्यपाल की जवान श्री भीयाराम की शहादत पर शोक संवेदना

जयपुर, 5 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जोधपुर जिले के ओसियां निवासी जवान श्री भीयाराम की जम्मू—कश्मीर में शहादत पर शोक संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने ईश्वर से उनकी पुण्यात्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों को उनके बिछोह का दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

———

भीलवाड़ा सड़क दुखान्तिका पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 5 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने भीलवाड़ा—अजमेर राजमार्ग पर बेरा के निकट हुई वाहन दुर्घटना में 4 लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों को उनके बिछोह का दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

———